

सार समाचार

विलियमसन को फर्ग्युसन की वापसी से गेंदबाजी बेहतर होने की उम्मीद

बेंगलुरू,भाषा। विश्व कप में न्यूजीलैंड की गेंदबाजी अभी तक अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही है लेकिन लेकिन कप्तान केन विलियमसन ने बुधवार को उम्मीद जताई कि लॉकी फर्ग्युसन की वापसी से उनके आक्रमण को धार मिलेगी। फर्ग्युसन चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। अब न्यूजीलैंड को बृहस्पतिवार को श्रीलंका के खिलाफ करो या मरो का मैच खेलना है। विलियमसन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह हमारे आक्रमण में संतुलन लाता है। उसने टूर्नामेंट में उपयोगी योगदान दिया है और उसके पास अपार अनुभव है। वह नयी गेंद के गेंदबाजों के लिये काफी मददगार साबित होता है। हम पिच को देखकर टीम संयोजन तय करेंगे। ट्रेंट बोल्ट ने आठ मैचों में दस विकेट लिये हैं लेकिन अभी तक अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। विलियमसन ने कहा, वह बेहतरीन गेंदबाज है। पिछले कुछ मैचों में पिचें अच्छी थी और बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा। कई बार पिच से मदद भी नहीं मिलती। खिलाड़ियों के पास अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करने का कल फिर मौका है। उन्होंने रचिन रविंद्र की तारीफ करते हुए कहा, वह अपार प्रतिभाशाली है और उसका प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। बल्ले के अलावा गेंद से भी उन्होंने सराहनीय योगदान दिया है।

पैरा खेलों में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि: पीटी उषा

नई दिल्ली,भाषा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने चीन के हांगझोउ में हाल में समाप्त हुए एशियाई खेल और पैरा एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतरीन करार देते हुए बुधवार को यहां कहा कि इन दोनों प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है। उषा यहां राष्ट्रीय खेलों की गोल्फ प्रतियोगिता देखने के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब पहुंची थी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार उषा ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने एशियाई खेल और एशियाई पैरा खेल दोनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है। जब भी मैं एशियाई खेलों के किसी स्थल पर जाती तो कोई भारतीय पदक जीत रहा होता था जिससे मुझे गर्व महसूस होता था। भारत ने एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदक सहित कुल 107 पदक जीते थे जबकि इसके बाद पैरा एशियाई खेलों में 29 स्वर्ण पदक सहित 111 पदक अपने नाम किए थे। उषा ने एशियाई खेलों में भारतीय गोल्फरों विशेष कर अदिति अशोक के प्रदर्शन की सराहना की। अदिति ने महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था। उषा ने कहा,राष्ट्रीय खेलों में गोल्फ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करते देखना शानदार अनुभव था। मैंने कभी किसी गोल्फ प्रतियोगिता को इतने करीब से नहीं देखा था।

शाजी-चौबे में घमासान, फुटबॉल हुई शर्मसार

■ राजेंद्र सजवान

chaube
shaji

डॉ. शाजी प्रभाकरण अब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव नहीं रहे। एआईएफएफ के अनुसार उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। लगभग चौदह महीने पहले प्रभाकरण, चौबे की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ टीम का हिस्सा बने थे। उल्लेखनीय है कि चौबे ने अध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और राजनीति में कूद चुके बाईचुंग भूटिया को बुरी तरह से परास्त किया था। भूटिया को मात्र एक वोट मिला था।

चौबे की टीम में शाजी को महासचिव नियुक्त किया गया था। इन दोनों के बीच काफी कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन एक-दूसरे की तारीफ के पुल बांधने वालों के बीच अचानक ऐसा क्या हो गया कि उनके रिश्तों में गहरी दरार पड़ गई। दोनों के बीच संबंध इस कदर बिगड़ गए कि अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शाजी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे पद से बर्खास्त कर दिया।

आरोप यह है कि शाजी ने करोड़ों रुपये का घोटाला किया है। हालांकि अभी स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है लेकिन सूत्रों के अनुसार शाजी को फेडरेशन के पैसों का दुरुपयोग और आय में अनियमितताओं के आरोप में बर्खास्त किया गया है। हैरानी वाली बात यह है कि अभी कुछ घंटे पहले ही चौबे और शाजी ने एक सांझा बयान देकर एशियाई खेलों में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया था।

फेडरेशन की तकनीकी समिति ने माना था कि एशियाड में प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारतीय फुटबॉलर अच्छा खेले। हालांकि इस बयान को कोरी बकवास कहा गया क्योंकि तमाम नियम तोड़कर कमजोर और असंगठित टीम को ग्वांगझोउ भेजा गया था। फेडरेशन में संधमारी करने वालों के अनुसार, कल्याण चौबे पर शाजी भारी पड़ रहे थे।

चूंकि वे फीफा और एएफसी में बड़ी पहचान के चलते चौबे के लिए सिरदर्द बन गए थे, इसलिए चौबे ने कार्यकारिणी से राय-मशविरा किए बिना शाजी को पद से बेदखल कर दिया। उनके इस तुगलकी फरमान को शाजी ने चुनौती देने का फैसला किया है।

शाजी कहते हैं कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपने पद का सम्मान किया और भारतीय फुटबॉल की बेहतरी के लिए काम किया। एआईएफएफ के दो बड़ों के अहम की लड़ाई उस वक्त शुरू हुई है, जब भारतीय फुटबॉल अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। फीफा रैंकिंग में लगातार लुढ़कती भारतीय फुटबॉल के शीर्ष पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगाए जा रहा हैं। हाल की उठा-पटक को कुछ लोग राजनीति के चश्मे से भी देख रहे हैं।

मैक्सवेल की पारी ने कपिल की याद दिला दी

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

टनब्रिज वेल्स में 1983 में वह सर्दियों की सुबह थी और 40 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम पर गुनगुनी शाम, लेकिन जीत का वही जुनून और बल्ले से रनों के रूप में वही आतिशबाजी क्रिकेट की इतिहास पुस्तिका में हमेशा के लिये दर्ज हो गई। उस समय कपिल देव थे तो अब ग्लेन मैक्सवेल। जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड में विश्व कप के उस मैच में भारत के पांच विकेट 17 रन पर गिर चुके थे तो अफगानिस्तान के खिलाफ इस विश्व कप में आस्ट्रेलिया ने सात विकेट 91 रन पर गंवा दिये थे।

समानतायें यहीं खत्म नहीं होती। 25 जून 1983 को टीम मैनेजर पी आर मान सिंह ने कपिल की बल्लेबाजी के दौरान क्रिस श्रीकांत को बाथरूम जाने नहीं दिया था और वह एक ही जगह पर खड़े रहे। कपिल की बल्लेबाजी के दौरान ड्रेसिंग रूम में कोई जगह से नहीं हिला। कपिल ने 175 रन की पारी खेलकर अनहोनी को होनी कर दिखाया था। इसी तरह मैक्सवेल जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में अपनी जगह से तब तक नहीं उठे जब तक उसने मुजीबुर रहमान को छक्का नहीं जड़ दिया।

श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

न्यूजीलैंड के आठ अंक है और उसे पता है कि हार या बारिश से मैच रद्द होने की दशा में वह टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगा।

बेंगलुरू ■ भाषा/डेस्क

शुरूआती शानदार प्रदर्शन के बाद विश्व कप में न्यूजीलैंड का अभियान मंद पड़ गया और अब श्रीलंका के खिलाफ बृहस्पतिवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में उसे हर हालत में लय फिर हासिल करनी होगी। न्यूजीलैंड के आखिरी लीग मैच पर बारिश का भी खतरा है। न्यूजीलैंड के आठ अंक है और उसे पता है कि हार या बारिश से मैच रद्द होने की दशा में वह टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगा। इस समय न्यूजीलैंड तालिका में चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के भी आठ अंक हैं। पाकिस्तान का रनरेट प्लस 0.036 है जबकि अफगानिस्तान का माइनस 0.338 है। इन दोनों के भी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना है बशर्ते पाकिस्तान आखिरी लीग मैच में इंग्लैंड को या अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका को हरा दे। ऐसे में न्यूजीलैंड को विशाल अंतर से जीत दर्ज करनी होगी जिसका रनरेट इस समय प्लस 0.398 है। न्यूजीलैंड के लिये हालात बहुत अच्छे नहीं है और सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये उसे हर हालत में जीतना है। इंग्लैंड की तरह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच को छोड़कर बाकी मैचों में नाकाम नहीं रहे लेकिन गेंदबाज जरूरत के समय चल नहीं सके। इसी मैदान पर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 400 रन बनाये थे लेकिन पाकिस्तान के फखर जमां के आगे उसके गेंदबाज चल नहीं सके। कठिन हालात में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने लय खो दी है। यहां तक कि ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी जैसे अनुभवी गेंदबाजों के पास भी प्लान बी नहीं था। बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर ने अकेले किला लड़ाने की कोशिश की है। अनियमित स्पिनर ग्लेन फिलिप्स पर निर्भरता भी पाकिस्तान के खिलाफ उजागर हो गई। बीच के और आखिरी ओवरों में कीवी गेंदबाज दबाव बनाने में नाकाम रहे हैं और श्रीलंका के खिलाफ इसमें सुधार करना होगा। विश्व कप 2019 की उपविजेता कीवी टीम के प्रदर्शन पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों का असर रहा है। कप्तान केन विलियमसन, जिम्मी नीशाम, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन जैसे खिलाड़ी चोट के कारण नहीं खेल सके। विलियमसन ने अभी तक दो ही मैच खेले हैं और अंगूठे की चोट के बावजूद उन्होंने दो अर्धशतक जमाये। उनकी गैर मौजूदगी में न्यूजीलैंड ने लगातार चार मैच गंवाये। रचिन रविंद्र ने काफी रन बनाये हैं और श्रीलंका के खिलाफ भी उन्हें इस लय को कायम रखना होगा।

प्रणय वापसी को लेकर जल्दबाजी में नहीं

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

पीठ की चोट से उबर रहे भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय वापसी को लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं है क्योंकि वह जानते हैं कि अगले साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करना आसान काम नहीं होगा। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को लगता है कि बैडमिंटन में ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रणाली बड़ा मसला है क्योंकि खिलाड़ी अपने पसंदीदा टूर्नामेंट का चयन नहीं कर सकते हैं। पीठ की चोट के बावजूद प्रणय ने एशियाई खेलों में पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से इस स्पर्धा में भारत का पदक जीतने का 41 साल का इंतजार खत्म किया था।

प्रणय ने कहा, मेरी पीठ की चोट पहले से बेहतर है, लेकिन मैं वापसी को लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं हूं। मैं यही कहूंगा कि एशियाई खेलों के दौरान मेरी पीठ की स्थिति जैसी थी, वह अब उससे बेहतर है। मैंने अभ्यास भी शुरू कर दिया है। देखना है कि अगली कुछ प्रतियोगिताओं में चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं।

प्रणय को इस महीने जापान ओपन सुपर 500 और चीन ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। ओलंपिक क्वालीफिकेशन की समय सीमा एक मई 2023 से शुरू हो गई है और यह अगले साल 28 अप्रैल तक चलेगी।

रैंकिंग

गिल और सिराज आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

दुबई ■ भाषा/डेस्क

भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गये। गिल ने शीर्ष स्थान पर बाबर आजम की जगह ली जबकि सिराज ने दक्षिण अफ्रीका के खब्बू स्पिनर केशव महाराज को पहले पायदान से हटाया। मौजूदा विश्व कप में भारत के कई मैचों में ठोस शुरुआत दिलाने वाले गिल ने बाबर की बादशाहत खत्म की। वह सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के बाद बल्लेबाजों में वनडे में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश के चौथे खिलाड़ी बन गए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले सप्ताह श्रीलंका के खिलाफ 92 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रनों का योगदान दिया था। उन्होंने मौजूदा टूर्नामेंट में छह पारियों में कुल 219 रन बनाए हैं। बाबर ने विश्व कप में आठ पारियों में कुल 282 रन बनाए हैं और गिल से छह रेटिंग अंक नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इससे वनडे रैंकिंग में पिछले दो साल से चली आ रही उनकी की बादशाहत खत्म हो गयी। अन्य भारतीय बल्लेबाजों में विराट कोहली विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि कप्तान रोहित शर्मा छठे स्थान पर हैं। मौजूदा खिलाड़ियों में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कोहली विश्व कप में शानदार लय में है। उन्होंने आठ पारियों में 108.60 की औसत से 543 रन बनाए, जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। कोहली तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक से एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी 17 स्थान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 18वें स्थान पर पहुंच गए।

बशुंधरा किंग्स ने मोहन बागान को 2-1 से हराया

ढाका,वार्ता। बशुंधरा किंग्स ने एएफसी कप मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट को 2-1 से हरा दिया है। यह इस टूर्नामेंट में मोहन बागान की पहली हार है। मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में मेरिनर्स ने 17वें मिनट में लिस्टन कोलाको के गोल से शुरुआती हाफ में बढ़त बनाई, लेकिन मेजबान टीम ने पहले हाफ की समाप्ति से ठीक पहले मिगुएल फिगुएरा ने 44वें मिनट में शानदार गोल की बदौलत उसे बराबर कर दिया। उसके बाद रोबिन्हो ने 80वें मिनट में बुशंधरा के लिए विजयी गोल किया। इसी के साथ अंक तालिका में मोहन बागान सुपर जाइंट और बशुंधरा किंग्स दोनों के अब चार मैचों में सात अंक हैं। मेरिनर्स अब 27 नवंबर को अपने अंतिम एएफसी कप 2023-24 ग्रुप डी मैच में विवेकानंद युबा भारती क्रीरंगन में ओडिशा एफसी से भिड़ेंगे, जबकि बशुंधरा किंग्स का सामना मालदीव के माजिया एस एंड आरसी से होगा।

न्यूजीलैंड क्रिकेट की पहली महिला अध्यक्ष बनी डायना

क्राइस्टचर्च,आईएएनएस। डायना पुकेतापु-लिंडन न्यूजीलैंड क्रिकेट के अध्यक्ष के रूप में मार्टिन स्नेडेन की जगह लेंगी, जो संगठन के इतिहास में यह भूमिका निभाने वाली पहली महिला होंगी। यह बदलाव स्नेडन के फैसले के बाद हुआ है, जिनके पास बोर्ड पर निदेशक के रूप में काम करने के लिए अभी भी एक साल का समय है।

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(22439)/2022-23 JAIPUR, Dated-01/05/2023 के द्वारा मैसर्स रामदेव इंटरप्राइजेज, पार्टनर्स - 1.श्री गोवर्धन लाल शर्मा, 2.श्री लादुलाल शर्मा, 3.श्री राम दयाल शर्मा, 4. श्री विष्णु प्रसाद तिवारी, पता-मुकुम बेमाली चौराहा, गांव-दहीमथा, तहसील-करेड़ा, जिला-भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-कोट, तहसील-रायपुर, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन M.L.No.-41/2022 क्षेत्रफल 1.4075 हेक्टेयर वास्ते खनिज ग्रेनाइट खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है।

मैसर्स रामदेव इंटरप्राइजेज

टायटन बायोटेक लिमिटेड

CIN : L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय :- ए-902 ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर: 011- 71239900, ईमेल : hrd@titanbiotechltd.com
www.titanbiotechltd.com

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों के उद्धरण का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड					
		समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त वर्ष
		30.09.2023	30.06.2023	30.09.2022	30.09.2023	30.09.2022	31.03.2023
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,397.92	3,502.93	4,269.02	7,900.85	7,800.28	14,594.26
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	812.60	708.77	1,052.98	1,521.37	1,813.22	2,811.61
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	812.60	708.77	1,052.98	1,521.37	1,813.22	2,811.61
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	652.14	616.06	912.69	1,143.85	1,367.94	2,484.42
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	653.70	617.61	912.69	1,271.31	1,663.14	2,490.64
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-			10,164.72
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसकि	7.89	7.47	11.04	15.35	20.13	30.06
	(बी) डायल्यूटिड	7.89	7.47	11.04	15.35	20.13	30.06

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों के उद्धरण का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन					
		समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त वर्ष
		30.09.2023	30.06.2023	30.09.2022	30.09.2023	30.09.2022	31.03.2023
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,397.92	3,502.93	4,269.02	7,900.85	7,800.28	14,594.26
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	812.60	708.77	1,052.98	1,521.37	1,813.22	2,811.61
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	812.60	708.77	1,052.98	1,521.37	1,813.22	2,811.61
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	602.91	540.94	790.21	1,143.85	1,367.94	2,102.49
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	604.47	542.49	790.21	1,146.96	1,367.94	2,108.71
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	-	-	9,782.79
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)						
	(ए) बेसकि	7.30	6.55	9.56	13.84	16.55	25.44
	(बी) डायल्यूटिड	7.30	6.55	9.56	13.84	16.55	25.44

नोट्स:-

1. उपरोक्त 30.09.2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत पविस्तृत स्वरूप का एक सार है और सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त उक्त तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है।
2. 30.09.203 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए उक्त घोषित अनअंकेक्षित स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 08, नवम्बर, 2023 को आयोजित बैठक में रिकॉर्ड किया गया है। कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3. कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अधध्यादेश 2019 द्वारा पेशा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तद्अनुसार, कंपनी ने 30.09.2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।
4. स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों (`Ind AS`) ("आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से संचालन से राजस्व में माल ढुलाई राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में इसके राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअसर करने के लिए अन्य खर्चों में भी भाड़ा जोड़ा गया।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 08.11.2023